प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

पीएम स्वनिधि

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के छह वर्ष पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि पीएम स्वनिधि ने बिना गारंटी के ऋण, वित्तीय समावेशन और विकास के नए अवसर खोलकर लाखों रेहड़ी–पटरी वालों के जीवन स्तर में सुधार किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना विश्वास, सम्मान और सशक्तिकरण पर आधारित है। वर्ष 2020 में योजना शुरू होने के बाद से अब तक एक करोड़ 12 लाख से अधिक ऋण दिए गए हैं।

के.के. पंत

भारतीय प्रशासिनक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी कमलेश कुमार पंत ने शिमला में हिमाचल प्रदेश के कार्यकारी मुख्य सचिव के रूप में पदभार संभाल लिया है। वर्ष 1993 बैच के उत्तराखंड मूल के कमलेश कुमार पंत के पास प्रशासनिक कार्यों का लंबा अनुभव रहा है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्रमुख जिम्मेदारी होगी। के.के पंत ने कहा कि सरकार की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रशासनिक तंत्र को अधिक मजबूत और जवाबदेह बनाया जाएगा। उन्होंने भरोसा जताया कि सामूहिक प्रयासों से प्रदेश के विकास और जनहित से जुड़े लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से हासिल किया जा सकेगा।

चिट्टा मुक्त अभियान

राज्य सरकार द्वारा हिमाचल को चिट्टा मुक्त बनाने के लिए एंटी चिट्टा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोलन के उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने सोलन में एंटी चिट्टा अभियान के दूसरे चरण की शुरूआत की। इस दौरान शिक्षा विभाग के उपनिदेशक गोपाल चौहान ने बताया कि ये अभियान जिले के सभी स्कूलों में चलाया जाएगा और विद्यार्थियों को चिट्टा सहित अन्य मादक पदार्थों से दूर रहने के लिए जागरूक किया जाएगा।

एलपीजी

. होटलों, रेस्तरांओं और अन्य व्यवसायों द्वारा उपयोग किए जाने वाले 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में देशभर में वृद्धि की गई है। हालांकि, घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 42 रुपये की वृद्धि हुई है और अब इसकी कीमत तीन हजार एक सौ 13 रुपये 50 पैसे होगी। व्यावसायिक एलपीजी की कीमतों में यह वृद्धि अमरीका और ईरान में संघर्ष के बीच पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक ऊर्जा लागत में वृद्धि के मद्देनजर हुई है।

सिकंदर कुमार

असम के गुवाहाटी में 29 से 31 मई तक आयोजित तीन दिवसीय 19वीं राष्ट्र ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कुल 38 पदकों पर कब्जा जमाया है। इनमें 12 सवर्ण, 13 रजत और 13 कांस्य पदक शामिल है। भारतीय ग्रेपलिंग संघ के अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिंकदन कुमार ने खिलाड़ियों की इस अद्‌भुत सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि ये सफलता राज्य के युवाओं की कड़ी मेहनत और प्रतिभा का प्रमाण है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं। राज्य में बीते तीन दिनों के दौरान हुई वर्षा, ओलावृष्टि व ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इस बीच मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश में आगामी 6 जून तक अलग—अलग स्थानों में वर्षा का क्रम रूक—रूककर जारी रहेगा। विभाग ने 3 से 6 जून तक राज्य के छह जिलों में अंधड़, आसमानी बिजली गिरने और आंधी—तूफान का येलो अलर्ट जारी किया है।